आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**07 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लखनऊ में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड और कृषि विभाग ने की पत्रकार वार्ता। कहा– प्रदेश में ईंधन और उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध। अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करने की अपील।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को मिशन मोड में पूरा करने के दिये निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को किया संबोधित। कहा– विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारिता ने बनाया है भारतीय लोकतंत्र को मजबूत।
- राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने खारिज किया मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का महाभियोग प्रस्ताव।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच राज्य में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी तथा खाद की स्थिति को लेकर पत्र एवं सूचना कार्यालय लखनऊ और प्रदेश सरकार ने कल संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में इंडियन अश्यल कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है।

***उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पूर्ण रूप से सामान्य एवं नियंत्रण में है। राज्य में उपलब्ध हमारे मजबूत बुनियादी ढांचे, सतत निगरानी व्यवस्था तथा प्रभावी समन्वय तंत्र के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में पेट्रोल का 18 दिन तथा डीजल का 16 दिन का पर्याप्त स्टश्क उपलब्ध है। सभी खुदरा दुकाने सामान्य रूप से कार्यरत हैं तथा बिक्री पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं है।***

प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के अपर निदेशक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि राज्य में खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा कि किसान अपने नजदीकी उर्वरक केंद्र पर जाकर अपनी जरूरत के हिसाब से खाद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे जनपदों में खास निगरानी रखी जा रही है।

***प्रदेश से सात जनपद ऐसे हैं जो कि इंटरनेशनल नेपाल बार्डर से लगते हैं। उस पर विशेष फोकस हम लोगों ने किया है। अभी से सारे चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है और दूसरी तरफ सारे जितने हमारे विक्रय बिंदु हैं कि बिना आप खतौनी देखे किसान को नहीं देंगे। मात्रा निर्धारित है कि जो संतुलित उर्वरक की बात हो रही है उतनी मात्रा में देंगे जैसे कि अनावश्यक होर्डिंग न हो तो किसी प्रकार की पाइन की स्थिति भी नहीं है। हमारे पास पर्याप्त आपूर्ति भी है। निरंतर हमारे पास वहां से आ भी रही है, उपलब्ध भी हो रहा है और परिवर्तन की कार्रवाई भी हम लोग कर रहे हैं।***

इस मौके पर पीआईबी लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि वर्तमान स्थिति में सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और फर्जी सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करने की अपील की।

इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में बताया कि देश में प्रतिदिन लगभग पचास लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

***पिछले पांच हफ्ते में लगभग 18 करोड़ घरों को एलपीजी सिलेंडर पहुंचाया गया है। हमारी अश्नलाइन बुकिंग रिकश्र्ड 97 प्रतिशत पर है। हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स इतवार वाले दिन भी अपनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को खोले हैं ताकि सभी को एक स्मूथ एलजी डिलीवरी हो पाए।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम लखनऊ में कृषि विभाग के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में फार्मर रजिस्ट्री आधार बनेगी। मुख्यमंत्री ने फार्मर रजिस्ट्री के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज आगरा और मथुरा जिले के दौरे पर रहेंगे। वह आगरा में पांच हजार एक सौ बयालीस करोड़ रूपये की ग्रेटर आगरा आवासीय योजना के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मथुरा के वृन्दावन में जगतगुरु द्वाराचार्य मलूकनाथ जी महाराज की पांच सौ बयालीसवीं जयंती महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। एक रिपोर्ट–

***अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर  गोरखपुर महानगर के मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि अपने संस्थापकों के सिद्धांतों, मूल्यों व आदर्शों पर आगे बढ़कर तथा कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव से ही आज भाजपा देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। श्री योगी गोरखपुर के सिविल लाइन में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता के अलग–अलग आयामों प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बीच परस्पर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें। गोरखपुर से गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारिता ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता ने कठिन मार्गों पर चलते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया।

***हमें याद रखना होगा कि जब भी हम एक सामान्य व्यक्ति के स्वर के साथ अपना स्वर मिलाते हैं और सही तथ्यों को उसके सामने रखते हैं तो जन विश्वास का प्रतीक बनता है और जो भी जन विश्वास का प्रतीक बनेगा, दुनिया की कोई ताकत उसको उसके मार्ग से विचलित नहीं कर सकती है। उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती है और पत्रकारिता ने भी उन कठिन मार्गों का अनुसरण करते हुए सदैव अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है।***

मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में एक निजी विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर लैब और शोध केन्द्र का उद्घाटन भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कल ही श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था गोरखपुर के विस्तारीकरण के तहत आजमगढ़ जिले में नवनिर्मित दुग्ध अवशीतन केन्द्र के शुभारम्भ कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**********

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि प्रस्ताव के नोटिस पर उचित विचार–विमर्श के बाद प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया गया। पहली बार, विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नोटिस देकर ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने की मांग की थी। इसमें उन पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया गया था।

**********

वाराणसी को अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए सीएम ग्रिड योजना के तहत सात प्रमुख सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। यह जानकारी वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दी।

***सीएम ग्रिड मॉडल सड़क बनाने की योजना उत्तर प्रदेश सरकार की है जिसके तहत वाराणसी में आज के समय में लगभग सात सड़कों का निर्माण गतिशील है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य इन सड़कों पर हो चुका है। दो फेजेज में अभी वर्तमान में कार्य चल रहा है। इन सड़कों का लाभ यह है कि इनमें सभी तरह की यूटिलिटिज चाहे वह एचटीएलटी लाइन हो उसको अंडरग्रांड किया जाता है। इस तरीके से सड़कों का विकास किया जाता है कि अगले आने वाले 30 सालों तक उनको कभी भी खोदना ना पड़े।***

**********

वाराणसी के संकट मोचन मंदिर परिसर में आयोजित एक सौ तीनवें **संकट मोचन संगीत समारोह** के पहले दिन कल रात कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से हनुमत महाप्रभु की आराधना की। कार्यक्रम में संतूर पर पंडित राहुल शर्मा, तबला पर पंडित राम कुमार मिश्रा, कथक में विद्या लाल, बांसुरी पर एस. आकाशा तथा गायन में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। यह संगीत समारोह ग्यारह अप्रैल तक प्रतिदिन शाम साढ़े सात बजे से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश–विदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**********